राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर खेतड़ी जिला झुन्झुनूं (राज.)

पीठासीन अधिकारी :— मुकेश चौधरी, आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या :—132 / 2024 **GCMS No. 2024/~~132~~ 678**

उनवान — जय नारायण पुत्र कालूराम

ब—ना—म

राज0 सरकार जरिये तहसीलदार

अधिवक्ता प्रार्थी :— श्री सुभाष कुमावत

आदेश

निर्णय दिनांक 09.09.2025

प्रार्थी के **"खाता दुरूस्ती"** प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र, प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत तातीजा, आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, प्रमाणित प्रतिलिपि मिसल हैकियत संवत् 2043 ग्राम तातीजा तथा तहसीलदार, खेतड़ी के पत्र क्रमांक: भू.अ./2025/285 दिनांक 10.02.2025 के साथ संलग्न पटवारी हल्का जसरापुर की रिपोर्ट में अंकित स्पष्ट अभिशंषा के आधार पर राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 136 के अनुसरण में **ग्राम रोड़ासर, ग्राम तातीजा पटवार मण्डल जसरापुर** की जमाबन्दी संवत् 2073—2076 के **खाता संख्या 124, 77** व **ग्राम तातीजा पटवार मण्डल जसरापुर** की जमाबन्दी संवत् 2076—2079 के **खाता संख्या 332, 180** वर्तमान दर्ज प्रविष्टि को निम्नलिखित रूप से शुद्ध किया जाकर तहसीलदार खेतड़ी को राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद के आदेश दिये जाते हैं। खातों की शेष प्रविष्टियां यथावत् रहेंगी। रहन यदि कोई हो तो रहन मुक्त होने पर ही आदेश का अमल दरामद हो।

क्र.सं.	ग्राम	खाता संख्या	वर्तमान प्रविष्टि (अशुद्ध प्रविष्टि)	आदेश (शुद्ध प्रविष्टि जो राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जानी है)
1	रोड़ासर	जमाबंदी संवत् 2073—2076 के खाता संख्या 124 खसरा किता 1 कुल रकबा 0.35 है., खाता संख्या 77 कुल खसरा किता 5 कुल रकबा 8.21 है.	झालीराम पुत्र कालूराम	जय नारायण उर्फ झालीराम पुत्र कालूराम
2	तातीजा	जमाबंदी संवत् 2076—2079 के खाता संख्या 332 खसरा किता 2 कुल रकबा 0.54 है., खाता संख्या 180 कुल खसरा किता 4 कुल रकबा 7.35 है.	झालीराम पुत्र कालूराम	जय नारायण उर्फ झालीराम पुत्र कालूराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Mukesh Choudhary
Date: 2025.09.26 11:11:06 IST
Reason: SelfAttested

(मुकेश चौधरी)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

उपखण्ड अधिकारी
एवं पदेन सहायक कलक्टर
खेतड़ी, जिला झुन्झुनूं